हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 10 मई 2024


तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री



04 गरीबी और मुखिया की गलत आदतों के कारण...


04 36 लाख के इनामी 6 हार्डकोर नक्सलियों...




**खबर संक्षेप**

### तेलीपेटा से सीएनएम सदस्या गिरफ्तार



**बीजापुर।** जिले में संचालित नक्सल विरोधी अभियान के तहत थाना कुटरू एवं फरसेगढ़ की संयुक्त टीम कुटरू क्षेत्रान्तर्गत तेलीपेटा, पाताकुटरू की ओर गश्त सर्चिंग पर निकली थी। इस दौरान संयुक्त पार्टी द्वारा तेलीपेटा से 1 सीएनएम सदस्या को पकड़ने में सफलता हासिल की। शांति कुरसम पिता स्व. चिन्ना कुरसम उम्र 30 वर्ष निवासी कोपनझर्री थाना फरसेगढ़ जो थाना फरसेगढ़ क्षेत्रान्तर्गत 15 दिसम्बर 2020 को आलवाड़ा क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य में लगे वाहन एवं मशीनरी में आगजनी की घटना में शामिल थी। उक्त के विरूद्ध थाना फरसेगढ़ में 1 स्थाई वारंट लंबित है एवं पुलिस अधीक्षक बीजापुर द्वारा उक्त महिला नक्सली की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार का इनाम घोषित है। पकड़ी गई महिला नक्सली के विरूद्ध थाना फरसेगढ़ में वैधानिक कार्रवाई उपरान्त न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।


## रिजल्ट : 10 वीं का 86.89 और 12 वीं का परिणाम 86.20 प्रतिशत

# 10वीं में मनीष और 12वीं में गुनगुन रही जिले की टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले में 10 वीं बोर्ड में 8579 एवं 12 वीं में 6842 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मलित हुए। 10 वीं बोर्ड में 7455 और 12 वीं में 5898 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। बस्तर जिले में 10 वी का परीक्षा परिणाम 86.89 और 12 वी का 86.20 प्रतिशत रहा।

10 वीं बोर्ड में जिले में टॉपर प्रयास आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत मनीष सोम रहे। जिन्होंने 600 में 581 अंकों के साथ 96.83 प्रतिशत प्राप्त कर टॉपर बने। जबकि 10 वीं में ही प्रयास आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत छात्रा नेलसा गोवरेना और जेबेल सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल के छात्र अजित देवांगन 96.83 प्रतिशत अंकों के साथ टॉपर रहे। 12 वी बोर्ड परीक्षा में बस्तर जिले में मारिगुड़ा विमल विधालय में अध्ययनरत गुनगुन चंदेल 90.60 प्रतिशत अंकों के साथ टॉपर बनी। जबकि स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्र बनमाली 90.40 प्रतिशत अंकों के साथ जिले के सेकंड टॉपर में स्थान पाया। वही असफिया नाज शहर के सक्सेस कान्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल की छात्रा 87.60 प्रतिशत अंकों के साथ थर्ड टॉपर बनी। 12 वी बोर्ड परीक्षा में इन तीन टॉपर विद्यार्थियों के अलावा अन्य 13 विद्यार्थी चौथा टॉपर से 10 वे टॉपर तक स्थान पाने में सफल रहे। इनमें फोर्थ टॉपर


में स्वामी आत्मानंद माड़पाल की पुष्पा यादव 87.60 प्रतिशत, स्वामी आत्मानंद बस्तर की जानवी राय 86.80 प्रतिशत, शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल बकावंड की छात्रा रायबरी 86.80 प्रतिशत, जगदलपुर विवेकानंद आत्मानंद स्कूल के हिमन्क नायक 86.60 प्रतिशत, शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल पंडरीपानी की छात्रा अम्बिका कश्यप 86.40 प्रतिशत, प्रयास आवासीय विधालय जगदलपुर के छात्र पुरवंश ठाकुर 86.20 प्रतिशत, जगदलपुर स्थित सक्सेस कान्वेंट की छात्रा भूमिका कश्यप 85.80 प्रतिशत, ▶▶| शेष पेज 4 पर

### 10 वीं और 12 वीं में बालिकाओं ने मारी बाजी

10 वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक बालिकाओं ने बाजी मारी। 10 वी में कुल 8579 विद्यार्थियों में 4595 बालिका में 4099 सफल हुई। जबकि 3984 बालको में 3365 बालक सफल रहे। इस तरह प्रतिशत में देखे तो बालक का 84.23 प्रतिशत और बालिका में 89.20 प्रतिशत रहा। परीक्षा का कुल प्रतिशत 86.89 प्रतिशत रहा।

### 2058 प्रथम श्रेणी, 3457 द्वितीय, 383 तृतीय श्रेणी

इसी तरह 12 वी बोर्ड परीक्षा की बात करे तो बस्तर जिले में बालक 3220 व बालिका 3690 कुल 6910 में परीक्षा में 6842 परीक्षार्थी सम्मलित हुए। जारी परीक्षा परिणाम में 3185 बालक में 2690 सफल रहे। जबकि 3657 बालिका में 3208 बालिका सफल रही। बालको का 84.45 प्रतिशत और बालिकाओं का 87.72 प्रतिशत रहा। 2058 प्रथम श्रेणी,3457 द्वितीय श्रेणी और 383 तृतीय श्रेणी रहे।

## 10-10 किलो की 2 आईईडी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- नक्सलियों के नापाक मंसूबों को जवानों ने किया ध्वस्त



जिला दन्तेवाड़ा के थाना अरनपुर क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा पुलिसबल को नुकसान पहुंचाने के नापाक मंसूबों को जवानों ने ध्वस्त करते हुए 10-10 किलो ग्राम के 2 आईईडी को बरामद कर डिस्पोज कर दिया है। नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम बर्रेम व पोटाली जाने वाले रास्ते पर नक्सलियों द्वारा आईईडी लगाया गया है। सूचना मिलने पर तस्दीक के लिए डीआरजी एवं बस्तर फाईटर दन्तेवाड़ा के बल द्वारा 9 मई को एरिया सर्चिंग हेतु थाना अरनपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम समेली, केड़ापारा, बर्रेम, नीलावाया एवं पोटाली की ओर रवाना होकर समेली से बर्रेम जाने वाली व अरनपुर से पोटाली जाने वाली मार्ग पर बारिकी से सर्चिंग करने पर दो अलग-अलग रास्तों में नक्सलियों द्वारा पुलिस बल को नुकसान पहुंचाने के लिये ग्राम समेली से बर्रेम जाने वाली रास्ते में 10 किग्रा का आईईडी एवं अरनपुर से पोटाली जाने वाली रास्ते में 10 किग्रा का ▶▶| शेष पेज 4 पर






## लाखों के गहने व नकद चोरी कर गोवा ट्रिप जाने वाला शातिर गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूजः जगदलपुर।** सूने घर की पहले रेकी फिर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपियों व चोरी के जेवरात खरीदने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 10 लाख रूपए के जेवरात व हजारों रुपए नगद बरामद किया गया है। पत्रवार्ता में मामले का खुलासा करते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने बताया कि आरोपी कृष्णा सेट्टी व संदीप सेठिया के कब्जे से कुल 143 ग्राम सोने के आभूषण जब्त किया गया है, जिसका बाजार मूल्य 10 लाख से अधिक आंका गया है। गिरफ्तार आरोपियों में कृष्णा सेटटी 28 वर्ष निवासी गीदम शिवमंदिर वार्ड



क्रमांक 12 जिला दंतेवाड़ा व चोरी के जेवरात ▶▶| शेष पेज 4 पर

### चोरी कर दोस्तों के साथ गोवा ट्रिप

एसपी शलभ सिन्हा ने बताया कि चोरी की एक अन्य वारदात आरोपियों द्वारा 30 मार्च 2024 को दिया गया।आरोपी कृष्णा सेटटी, राहुल सेटटी तथा एक अन्य आरोपी के साथ राहुल सेटटी की मोटर सायकल से ग्राम माड़पाल आए और प्रार्थी सुरेन्द्र कुमार देवांगन के सूने मकान का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात व गल्ला में रखा नकद 50 हजार रूपए पार कर दिया। चोरी की रकम को तीनों आरोपी आपस में बांट लिये और चोरी किए जेवरात को आरोपी संदीप सेठिया को बेच कर उससे प्राप्त 1 लाख 40 ▶▶| शेष पेज 4 पर

### 10 लाख रुपए से अधिक के जेवरात बरामद

पुलिस ने आरोपी संदीप सेठिया के कब्जे से चोरी किए गये सोने के जेवरात कुल 72.97 ग्राम सोना जिसकी अनुमानित कीमती 3 लाख 70 हजार आंकी गई है। वहीं दोनों आरोपी कृष्णा सेट्टी एवं संदीप सेठिया के कब्जे से कुल 14 तोला से अधिक सोने के आभूषण बरामद किया गया जिसका बाजार मूल्य 10 लाख रुपए से अधिक आंका गया है। मामले में निरीक्षक टामेश्वर चौहान के अलावा एसआई सतीश यदुराज, एएसआई दिनेश ठाकुर, महेन्द्र ठाकुर, प्रधान आरक्षक रमेश पासवान, पवन श्रीवास्तव व प्रधान आरक्षक मौसम गुप्ता सायबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




# गरीबी और मुखिया की गलत आदतों के कारण छात्राएं हो रहीं शाला त्यागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों ने विभिन्न वार्डों में घर-घर संपर्क अभियान चलाया। प्राचार्य सुधा परमार ने बताया कि यहां विभिन्न वार्डों से छात्राएं अध्ययन के लिए आती हैं। दर्ज संख्या को बढ़ाने एवं शाला त्यागी बच्चों का पता लगाने के उद्देश्य से सभी शिक्षक स्टाफ एवं प्राचार्य संस्था के आसपास के मोहल्ले में जाकर घर-घर संपर्क अभियान चलाया। इस अभियान के माध्यम से यह पता लगाना की बच्चे स्कूल जा रहे हैं अथवा नहीं, यदि नहीं जा रहे हैं तो क्यों पढ़ाई छोड़ी गई है, कौन सी कक्षा से पढ़ाई छोड़ी गई है, कौन से स्कूल में पढ़ाई कर रहे थे आगे अब क्या कर रहे हैं, उनकी सामाजिक आर्थिक स्थिति कैसी है यह सब जानकारी ली गई। प्रतिदिन 2 घंटे सर्वे करने के बाद शिक्षक स्कूल में आकर रिपोर्ट देते थे और आपस में प्राचार्य के साथ चर्चा करते हैं। इससे उनकी स्थिति के बारे में पता चला जो एक मुख्य कारण है पढ़ाई छोड़ने का। बच्चे एक ही कमरे के मकान में रहते हुए जीवनयापन करते हैं। भोजन भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं रहता है। पौष्टिक भोजन की तो बात ही छोड़ो, पिता शराब पीकर घर आ रहे हैं, चिल्ला रहे हैं मारपीट कर रहे हैं, कमाई का साधन मजदूरी करना ही है। इसके लिए मां विभिन्न घरों में जाकर काम करती है और जीवनयापन के लिए पैसा कमाती है। यही कारण है कि बच्चे थोड़े से बड़े होते हैं तो मां-बाप उन्हें भी जीवकोपार्जन के लिए काम में लगा देते हैं।

## घर- घर सर्वे के दौरान कई जानकारियां आईं सामने

### शाला त्यागी बालिकाओं की जानकारी मिली

प्राचार्य ने कहा कि यह संस्था कन्याशाला है इसलिए हमने लड़कियों की ही जानकारी ली है। यह अभियान गांधीनगर वार्ड, सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड, मेटगुड़ा परपा नाका, खपरा भट्टी, छत्रपति शिवाजी वार्ड, तेतर खूंटी, दंतेश्वरी वार्ड, गंगानगर वार्ड, महाराणा प्रताप वार्ड, राजेंद्र नगर वार्ड में चलाया गया। घर-घर संपर्क अभियान प्रतिवर्ष जून माह में स्कूल खुलने के समय सात आठ वर्षों से करते आ रहे हैं।



### अगले महीने भी चलेगा सर्वे

प्राचार्य ने कहा कि इस वर्ष प्रवेश प्रारंभ के पूर्व यह अभियान चलाया गया है जिससे हमें काफी हद तक संतुष्टि मिली है संभावना है इससे हमारी शाला की दर्ज संख्या में वृद्धि होगी। इस कार्य में संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपना कर्तव्य बखूबी निभाया है। शाला की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए पंपलेट भी बांटा गया है। शिक्षकों ने जून माह में इस कार्य को पुनः करने का प्रण लिया है। शासन एवं शिक्षा विभाग की भी यही मंशा है की कोई भी बच्चे शाला त्यागी ना बने, कोई बच्चा पढ़ाई से वंचित न हो।।

## खबर संक्षेप

### 10 वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षा में तोकापाल आत्मानंद ने मारी बाजी



**जगदलपुर।** बस्तर जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तोकापाल के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कक्षा 12वीं में 18 विद्यार्थी में सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। जिसमें 9 प्रथम श्रेणी, 7 द्वितीय श्रेणी और 2 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10 वीं के 43 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित थे जिनमें से 42 उत्तीर्ण हुए। 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 3 विद्यार्थी हैं। पृथ्वी नाग कक्षा दसवीं में 95.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था के टॉपर रहे। तृषा ठाकुर ने 93.5 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान तथा समग्र जैन ने 93 प्रतिशत अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। दसवीं कक्षा में कुल 43 विद्यार्थी थे जिनमें से 28 प्रथम श्रेणी, 14 द्वितीय श्रेणी, एक विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहा। प्राचार्य विधुशेखर झा, उप प्राचार्य ईरम रहीम, व्याख्याता देवी सिंह, अर्पणा सिंह, सोनाक्षी मजूमदार, सरिता यादव, रुपिंदर कौर, स्नेहा श्रीवास्तव, नीलम भास्कर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों की सराहना की।

### पीएम आवास का निरीक्षण शीघ्र पूरा करने के निर्देश

**कोण्डागांव।** प्रधानमंत्री आवास योजना के फील्ड में जाकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरके कर ने अपने स्टाफ के साथ मिलकर आवास को शीघ्र पूर्ण करने को निर्देशित किया। माकड़ी जनपद पंचायत के विभिन्न ग्राम पंचायत में जाकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी के साथ करारोपन अधिकारी ध्रुव तकनीकी सहायक सचिव सरपंच के साथ कार्य का निरीक्षण किया। संपूर्ण जनपद क्षेत्र को चार टीम में बांटकर करारोपन अधिकारी और तकनीकी सहायक सचिव सरपंच के साथ मिलकर आवास को शीघ्र पूर्ण करने को निर्देशित किया। ग्राम पंचायत बडे सोहंगा एरेला हीरापुर बीजापुर अनंतपुर में आवास को 15 दिवस के अंदर सचिवों को हितग्राहियों से मिलकर सहयोग करने को कहा गया।

### युवा मोर्चा ने किया सैम पित्रोदा का पुतला दहन



**गीदम।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के पूर्व चेयरमैन सैम पित्रोदा के रंगभेद वाले बयान से घमासान मचा हुआ है। सैम ने अंग्रेजी अखबार को दिए इंटरव्यू में पश्चिम में रहने वालों की तुलना अरब, उत्तर भारत के लोगों की तुलना गोरों, दक्षिण भारत में रहने वालों की तुलना अफ्रीका और पूर्व में रहने वाले लोगों की तुलना चीन में रहने वाले लोगों से की थी। बयान ने तूल पकड़ा तो तुरंत पित्रोदा को इस्तीफा देना पड़ा। पित्रोदा के इस विवादित बयान को लेकर भाजपा युवा मोर्चा के नेतृत्व में भाजपा व भाजयुमो से जुड़े पदाधिकारी, सदस्यों ने गीदम के प्रतीक्षा बस स्टैंड में गुरूवार को पुतला दहन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे। युवा मोर्चा का कहना है कि इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा द्वारा दिया गया विवादित बयान भारत की जनजातियों व विविध क्षेत्रों के लोगों को अपनी कांग्रेस की तुष्टिकरण मानसिकता को प्रदर्शित कर भारत वर्ष की एकता और अखंडता को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस बयान का भारतीय जनता युवा मोर्चा विरोध करता है। इस दौरान नवीन विश्वकर्मा, राजा गुप्ता, अंति वेक, अभिलाष तिवारी, अनिल जॉर्ज, ममता गुप्ता, रूपा पाणिग्राही, सुमित भदोरिया, कुणाल ठाकुर, शंभू यादव, राजेश सुराना, लक्ष्मी यादव, विनोद राजू, वीरेश मिश्रा, अवधेश गुप्ता, श्रीकांत राव, जय प्रकाश, अनीस जॉर्ज, राजेंद्र सिंह, अभिनव तिवारी, कृष्णा शर्मा, अजय अवस्थी, चंदन ध्रुव, जय दयाल नागेश उपस्थित रहे।

## सफलता: बटालियन नम्बर एक के नक्सल दम्पति पर था 8-8 लाख का इनाम

# 36 लाख के इनामी 6 हार्डकोर नक्सलियों ने किया समर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नक्सलियों की सबसे खतरनाक माने जाने वाले बटालियन नम्बर एक में शामिल नक्सल दंपति समेत 36 लाख के इनामी 6 नक्सलियों ने गुरुवार को सुकमा एसपी के समक्ष समर्पण कर दिया। समर्पित नक्सलियों को शासन की नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधाएं दी जाएगी।

सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि जिले में सक्रिय पीएलजीए बटालियन नंबर एक व दक्षिण बस्तर डिवीजन में सक्रिय दो महिला समेत छह हार्डकोर इनामी नक्सलियों ने समर्पण किया है। समर्पित दो नक्सलियों पर 8-8 लाख रुपए तथा चार नक्सलियों पर 5-5 लाख रुपए कुल 36 लाख का इनाम उनके कैडर के अनुरूप शासन द्वारा घोषित किया गया था।

समर्पित नक्सली बीजापुर व सुकमा जिले के निवासी है जिन्होंने छग शासन की नक्सलवाद उन्मूलन नीति तथा सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे पूना नर्कोम अभियान (नई सुबह-नई शुरूआत) से प्रभावित होकर व संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार सुरक्षा कैम्प स्थापित किए जाने से आत्मसमर्पण किया। इनके आत्मसमर्पण में नक्सल सेल आ-सूचना शाखा जिला सुकमा व 223 बटालियन सीआरपीएफ का विशेष प्रयास रहा।



जिले में आईजी सुन्दरराज पी, डीआईजी कमलोचन कश्यप, डीआईजी सीआरपीएफ सुनीत कुमार राय व अरविंद राय, के मार्गदर्शन व एसपी किरण चव्हाण व नवीन कुमार कमाण्डेन्ट 223 वाहिनी सीआरपीएफ के निर्देश तथा एएसपी निखिल अशोक कुमार राखेचा, अभिषेक वर्मा, आकाश राव गिरेपूंजे, डीएसपी बस्तर फाईटर उत्तम प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे नक्सलवाद उन्मूलन नीति व सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे पूना नर्कोम अभियान से प्रभावित होकर तथा संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से पुलिस के भय व नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर छह नक्सलियों ने समर्पण किया। इनमें 8 लाख के इनामी दूधी पोज्जा (पीएलजीए बटालियन नंबर 01 हेड क्वार्टर टेलर टीम/पीपीसीएम व उसकी पत्नी दूधी पोज्जे पीएलजीए बटालियन नंबर 01 हेड क्वार्टर पार्टी सदस्या तथा 5-5 लाख के ईनामी जयक्का उर्फ आयते कोरसा किस्टाराम एरिया कमेटी टेलर टीम कमाण्डर/एसीएम, कवासी मुड़ा दक्षिण बस्तर डिवीजन आई टीम कमाण्डर/एसीएम, कारम नारन्ना उर्फ भूमा किस्टाराम एरिया जनताना सरकार स्कूल/एसीएम तथा रैनु उर्फ मड़कम सुक्का अरनपुर एरिया जनमिलिशिया कमाण्डर/एसीएम शामिल है। सभी नक्सलियों ने गुरूवार को एसपी कार्यालय सुकमा में डीआईजी सीआरपीएफ अरविंद राय, एसपी किरण चव्हाण, एएसपी निखिल अशोक कुमार राखेचा, एएसपी उत्तम प्रताप सिंह व डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया। समर्पित नक्सलियों को एसपी द्वारा कपड़ा, श्रीफल एवं प्रोत्साहन राशि प्रदाय किया गया।

# आदर्श विद्यालय के मंगलेश ने हायर सेकंडरी में 94.6% के साथ जिले में रहे पहले स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कोण्डागांव जिले के नगर पंचायत फरसगांव के शासकीय आदर्श विद्यालय के कक्षा 12 वीं की छात्रा ग्राम रेमावन्ड नारायणपुर निवासी मंगलेश सलाम पिता सोनसिंह सलाम ने कक्षा 12वीं की परीक्षा में 94.6 प्रतिशत अंक के साथ जिले में पहले स्थान पर रहे। मंगलेश ने कहा कि जिले में पहला स्थान आने का श्रेय परिवार और गुरुजन को जाता है। उन्होंने बताया कि उसके माता- पिता चाहते थे कि उनका बेटा पढ़ाई के क्षेत्र में आगे हो सके और कुछ कर सके। जिसके लिए उन्होंने अपने रिश्तेदार के यहाँ पहली से 8 वीं तक की पढ़ाई के लिए भेज दिया। 9 वीं और 12 वीं कि पढ़ाई के लिए आदर्श विद्यालय के आश्रम में रख कर पढ़ाई कराई।



■ सीएस बनना चाहते हैं

मंगलेश ने बताया कि नारायणपुर जिले के ग्राम रेमावन्ड के निवासी हैं। उनके पिता सोनसिंह सलाम और माँ आसन्तीन खेती किसानी का काम करते हैं, उसके 4 भाई-बहन है जिसमें वह सबसे बड़ा हैं। वह 8वीं की परीक्षा पास कर कक्षा 9वीं से फरसगांव के आदर्श विद्यालय में हॉस्टल में रहकर पढ़ाई प्रारंभ किया। कक्षा 9, 10, 11 और 12वीं आदर्श विद्यालय से पढ़ाई किए। कक्षा 10वीं में 86 प्रतिशत आया और इस बार 12 वीं में 94.6 प्रतिशत आए हैं। मैंने कभी सोचा नहीं था कि मुझे जिले में पहला स्थान मिलेगा। विद्यालय के प्राचार्य बीके अठभैया, सभी शिक्षको का मार्गदर्शन मिला, हॉस्टल अधीक्षक सुब्रत मिस्त्री हमेशा निरीक्षण के दौरान सभी बच्चों को पढ़ाई के प्रेरित करते थे मुझसे हमेशा पढ़ाई को लेकर चर्चा करते थे। जिले में पहला स्थान आने से घर और गांव में खुशी का माहौल है। बधाई देने के लिए उनके घर पर स्थानीय लोग पहुच रहे हैं वही फोन से भी बधाई दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे 12 वीं कॉमर्स लेकर पढ़ाई किये अब वे आगे सीएस की पढ़ाई करेंगे ।

# समग्र शिक्षक फेडरेशन ने की डीईओ से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला इकाई कोंडागांव के पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न समस्याओं और विषयों को लेकर डीईओ आदित्य चांडक से सौजन्य भेंट कर ज्ञापन सौंपा गया।

जिला अध्यक्ष शंकर लाल नेताम ने ज्ञापन के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि विगत दो वर्षों से सहायक शिक्षकों की वरिष्ठता सूची प्रकाशित नहीं की है। नियमानुसार यथाशीघ्र प्रकाशित करने की स्थिति में प्राथमिक शाला प्रधान अध्यापक के ई व टी संवर्ग के रिक्त पदों की जानकारी प्रदाय करने, वरिष्ठता सूची आधार पर प्राथमिक शाला प्रधान अध्यापक ई व टी संवर्ग में छत्तीसगढ राज्य पदोन्नति भर्ती अधिनियम 2019 के तहत पदोन्नति प्रदाय करने, माध्यमिक शाला प्रधान पाठक,शिक्षक,व्यायाम शिक्षक के रिक्त पदों पर पदोन्नति के लिये प्रस्ताव संयुक्त संचालक को भेजने, अनुसूचित क्षेत्रों में पदस्थ सभी वर्गों के कर्मचारियों को वर्ष में 10 दिनों का अतिरिक्त अर्जित अवकाश देय है जिसे सेवा पुस्तिका में इंद्राज करने सभी आहरण वितरण अधिकारीयों को निर्देशित करने की मांग की। इसके अलावा नियमानुसार शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को आदेश के परिपालन में निर्देश जारी कर विभिन्न विषयों पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान कर ज्ञापन सौंपा गया।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान कोषाध्यक्ष रामू राम सिन्हा, संरक्षक भास्कर वर्मा, जिला सचिव गुलेंद्र पटेल, ब्लाक अध्यक्ष मदन राठौर, महेंद्र पटेल, प्रेमराज नेताम, देवेन्द्र कुपाल, मानसाय मरकाम शेषनाथ पांडे मौजूद रहे।

# भगवान परशुराम प्राकट्य दिवस भव्यता से मनेगा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भगवान परशुराम प्राकट्य दिवस भव्यता के साथ कल 10 मई को मनाया जाएगा। इस संबंध में सर्व ब्राह्मण समाज के संभाग अध्यक्ष संजीव शर्मा व अन्य पदाधिकारियों ने गुरुवार को इस की जानकारी दी।

- सुबह मातृ शक्ति सड़क पर सजाएंगी रंगोली, युवाओं की बाइक रैली
- शाम को दंतेश्वरी मन्दिर से भव्य शोभायात्रा, महाआरती और महाभण्डारा

स्थानीय जगन्नाथ मंदिर में आयोजित प्रेसवार्ता में संजीव शर्मा और रंजीत पांडे ने बताया 10 मई को दिनभर चलने वाले विविध आयोजन में सर्वप्रथम सुबह रंगोली सजाई जाएगी।

अपरान्ह 4 बजे युवाओं द्वारा सिरहासार चौक से बाइक रैली निकाली जाएगी। रैली नगर भ्रमण करते पुनः सिरासार चौक में समाप्त होगी, तत्पश्चात शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें युवा, महिलाएं सहित समाज के वरिष्ठजन सम्मलित होंगे। जबकि युवा डीजे की धुन भगवान परशुराम के जयघोष व भजन-कीर्तन के साथ सम्मलित होंगे। अंतिम पंक्ति में समाज के बुजुर्ग और अन्य वरिष्ठ सदस्य सम्मिलित होंगे। शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए सिरहासार चौक में सम्पन्न होगी,जहां संध्या में भगवान परशुराम की महाआरती की जाएगी। उसके पश्चात महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा।



### अनुपमा चौक पर प्रतिमा स्थापित होगी

संजीव शर्मा ने बताया कि अनुपमा चौक में भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापित कर परशुराम चौक का नामकरण शीघ्र किया जाना है। 360 घर आरण्यक ब्रह्मण समाज के अध्यक्ष ईश्वर खंबारी ने कहा कि यदि परशुराम चौक के लिए अनुपमा चौक में प्रशासन द्वारा स्थान नहीं दिया जाता है या किसी प्रकार की विवाद की स्थिति बनती है तो भगवान परशुराम चौक का नामकरण किसी अन्य चौक में भी किया जाएगा और उनकी मूर्ति की स्थापना की जाएगी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने एक स्वर में कार्यक्रम की भव्यता के लिए संकल्प लिया।

# भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर आज कांकेर में निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

ब्राम्हण समाज के आराध्य भगवान परशुराम के जन्मोत्सव हर्षोल्लास व भव्य शोभयात्रा का आयोजन सर्व ब्राह्मण समाज के द्वारा आज किया जा रहा है, शोभायात्रा का आरंभ भगवान परशुराम चौक धर्मपथ मरीन ड्राइव से आरम्भ होकर कोठारी पेट्रोल पंप, गिल्ली चौक, पुराना बस स्टैंड होते हुए नया बस स्टैंड जाएगी, वहाँ से वापस, उसी मार्ग से होकर मरीन ड्राइव परशुराम चौक पहुचेगी, जहां एक धर्मसभा के रूप में परिवर्तित हो जाएगी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए डॉ. दिनेश मिश्रा, दीपक मुखर्जी एवं नीतेश उपाध्याय ने बताया कि अक्षय तृतीया के पावन तिथि के दिन ऋषि जमदग्नि एवं माता रेणुका के घर भगवान परशुराम का जन्म हुआ था।

## बालवाड़ी अध्यापन शिक्षकों एवं आंगबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षणा शुरू

# विशेष नवाचारी का प्रयोग कर छोटे बच्चों को दक्ष और कुशल बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बालवाड़ी केन्द्रों में अध्यापन कराने वाले शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को तीन दिवसीय विकासखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र माकड़ी में आज से शुरू हो गया है। 11 मई तक चलने वाले प्रशिक्षण में 19 बालवाड़ी केद्र के शिक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

- बच्चों की अवधारणा, अधिगम शैली की विविधता सहित अन्य जानकारियां दी गईं

प्रशिक्षण प्राचार्य, जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान बस्तर, के निर्देशानुसार एवं डीईओ आदित्य चांडक, डीएमसी महेन्द्र पाण्डे, बीईओ राजू साहू एवं बीआरसी ताहिर खान के आदेश एवं मार्गदर्शन में राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर्स ट्रेनर्स रोशन सोनी एवं ऋतु वर्मा द्वारा शिक्षकों को शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकताओं को बालवाड़ी की सफल संचालन करने के लिए प्रशिक्षित कर रहे है। प्रशिक्षण के प्रारंभ में दीप प्रज्वलित करउ पस्थित शिक्षकों एंव आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तिलक लगा कर स्वागत किया गया। जिससे पूर्व प्रायमरी में अध्यापन करने वाले बच्चों को बेहतर ढंग से अध्यापन कराने में सक्षम होंगे। प्रशिक्षण उपरांत शिक्षक भी विशेष नवाचारी का प्रयोग कर बच्चों को अध्यापन कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रशिक्षण में बालवाड़ी केन्द्र का परिचय, बच्चों की अवधारणा, अधिगम शैली की विविधता, विकास के आयाम, कक्षा में किस गतिविधि का प्रयोग किया जाय जिससे बच्चों के सिखने में सरलता हो, स्कूल रेडिनेस का परिचय, पालकों की सहभागिता, आगामी सत्र के लिए तैयारी, बालवाड़ी केन्द्रों सुसज्जित परिवेश का निर्माण आदि विषयों पर बारिकी से जानकारी शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बताया गया। यह प्रशिक्षण महिला एवं विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा विशेष पहल करते हुए संयुक्त रूप से यह प्रशिक्षण आयोजित है। बीआरसी ताहिर खान के द्वारा प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण में बताये गये अनुसार बालवाड़ी केन्द्रो में अध्यापन कराने को कहा गया।





### ये रहे उपस्थित

तीन दिवसीय बालवाड़ी प्रशिक्षण के प्रथम दिवस प्रशिक्षण शुभारंभ के अवसर पर बीईओ राजू साहू, बीआरसी, ताहिर खान, एबीईओ सखाराम वटटी, बीआरपी अरूण विश्वास, शत्रुहन साहू, मण्डल संयोजक ऋषि नागवंशी, सीएसी भेदराम मानकर एवं शीत मरकाम उपस्थित थे।

## पेज 3 के शेष

### 10वीं में मनीष और...

एमजीएमच धमपुरा की छात्रा मैत्री जैन 85.80 प्रतिशत, गुरुनानक पब्लिक स्कूल जगदलपुर के केशर साहू 85.80 प्रतिशत,शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल ढोढरेपाल की छात्रा सुकमती भारती 85.80 प्रतिशत,एनएमडीसी डीएवी पब्लिक स्कूल धनपुंजी के छात्र सामुराम मंडावी 85.प्रतिशत, शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बकावंड के सुमनुल नाज़ 85.40 प्रतिशत और विमल विधालय हायर सेकंडरी स्कूल मारिगुड़ा की छात्रा कामना कश्यप 85.40 प्रतिशत अंकों के सफल हुए है।

### 10-10 किलो की 2...

आईईडी बरामद किया गया। जिसे बीडीएस दन्तेवाड़ा द्वारा सतर्कता पूर्वक ब्लास्ट कर डिस्पोज किया गया। डीआरजी, बस्तर फाइटर्स दन्तेवाड़ा की कार्रवाई से नक्सलियों के द्वारा आईईडी ब्लास्ट कर पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने की मंशा को नाकाम कर दिया गया।

### लाखों के गहने व...

खरीदने वाला आरोपी संदीप सेठिया 27 साल निवासी बड़ेमुरमा टिकरापारा थाना परपा शामिल है। थाना नगरनार क्षेत्र मे हो रहे चोरी नकबजनी की घटनाओ पर अंकुश लगाने एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी उदित पुष्कर के पर्यवेक्षण में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा घटनास्थल के टावर डंप की जानकारी सायबर सेल से प्राप्त कर अवलोकन पश्चात अपराध के संदेही के मोबाइल नंबर का लोकेशन गीदम जिला दंतेवाड़ा में पाए जाने के बाद संदेही कृष्णा सेटटी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर आरोपी का मेमोरण्डम कथन लिया गया। गिरफ्तार दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है। प्रेसवार्ता के दौरान एसपी शलभ सिन्हा के अलावा सीएसपी उदित पुष्कर व नगरनार थाने की टीम मौजूद थी।

### पहले रेकी फिर चोरी...

एसपी सिन्हा ने बताया कि 28 फरवरी 2024 को आरोपी अपने मामा राहुल सेटटी के साथ बाइक में थाना नगरनार क्षेत्र के ग्राम कस्तुरी के एक सूने मकान की पहले रेकी की फिर घर के अंदर प्रवेश कर आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात व नगद 50 हजार रुपए पार कर दिया। चोरी की रकम को आरोपी राहुल सेट्टी और कृष्णा ने आपस में बराबर बांट लिया। वहीं चोरी किए गये सोना एवं चांदी के गहने को राहुल सेट्टी द्वारा नगर निगम जगदलपुर के वार्ड सुपरवाइजर संदीप सेठिया को बेच दिया और बिक्री रकम में से 80 हजार रुपए राहुल ने कृष्णा सेट्टी को फोन-पे एप के माध्यम से भेजा।

### चोरी कर दोस्तों के...

हजार रुपए को आपस में बांट लिए। आरोपी कृष्णा सेट्टी चोरी की बेचे गए राशि को लेकर अपने दोस्तो के साथ गोवा घूमने गया और राशि को खर्च कर दिया। पुलिस ने उसके कब्जे से बचे हुए 2 हजार रुपए बरामद किया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### भूपेश सरकार की योजना को बंद कर रही साय सरकार : जावेद



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ में पूर्व भूपेश सरकार ने राज्य को आत्मनिर्भर बनाने अनेक योजनाएं बनाई थी। वर्तमान सरकार इन योजनाओं को बंद कर रही है। एक परियोजना पर प्रदेश सरकार ने ताला जड़ दिया है। जहां से जनता गोबर से बिजली उत्पादन कर रही थी जिसका सीधा फायदा प्रदेश की जनता को मिलता। जनता सस्ती बिजली प्राप्त कर पाती। यह बातें जारी बयान में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता जावेद खान ने कही है। उन्होंने सवाल पूछा है कि किस वजह से डोंगाघाट में प्रदेश का पहला गोबर से बिजली उत्पादन के प्लांट पर ताला जड़ा गया है। क्यों सरकार इस आत्मनिर्भरता वाली महत्वाकांक्षी परियोजना को बंद कर दिया है। जबकि पुर्व कांग्रेस सरकार ने सस्ती बिजली उत्पादन के लिए यह परियोजना का शंखनाद किया था। प्लांट से 590 यूनिट बिजली का उत्पादन भी किया जा चुका था और भविष्य में इस परियोजना का पूरे प्रदेश में विस्तार कर छत्तीसगढ़ की जनता को सस्ती बिजली उपलब्ध कराया जा सकता था। साय सरकार ने गोबर खरीदी योजना को बंद कर ना केवल छत्तीसगढ़ की जनता से आय का एक साधन छीनने का कार्य किया है साथ ही साथ बिजली उत्पादन की महत्वाकांक्षी परियोजना पर भी पानी फेरा है।

### मिशन संचालक ने किया आजीविका गतिविधियों का अवलोकन



**दंतेवाड़ा।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की संचालक नम्रता जैन द्वारा विगत 6 मई को ग्राम भैरमबन्द में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत समूह की दीदियों द्वारा संचालित हथकरघा संचालन कार्य का बारीकी से निरीक्षण कर चर्चा किया गया। इसके अलावा वे ग्राम पंचायत गमावाड़ा में नियद नेल्लानार के तहत दीदियों के साथ बैठक में भी उपस्थित रहीं। यहां उन्होंने समूहों के सभी दीदियों के द्वारा की जा रही आजीविका गतिविधियों की जानकारी ली और एनआरएलएम से मार्गदर्शन से लखपति दीदियों के घरों का भ्रमण किया।

### कई जगह मिट्टी का ढेर, दुर्घटना की आशंका बढ़ी, मिट्टी में फिसलकर वाहन हो रहे अनियंत्रित

# सड़क किनारे मुरूम की जगह डाली जा रही मिट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

राष्ट्रीय राजमार्ग 63 में सड़क मरम्मत के साथ ही सड़क किनारे मुरूम डालने के बजाय मिट्टी डाल देने से विगत दिनों हुई बारिश से वाहन मिट्टी में फंसकर अनियंत्रित हो रहे हैं, जिससे गंभीर दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है। गौरतलब है कि सड़क किनारे साइड सोल्डर में मुरूम डालकर उसको रोलर से दबाना होता है, जिससे कि मार्ग में आने-जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग 63 में गीदम के मुख्य नगर व एजुकेशन सिटी जावंगा के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्र में सड़क किनारे साइड सोल्डर में मुरूम डालने के बजाय मिट्टी युक्त मुरूम डाल देने से हल्की बारिश में वह मिट्टी कीचड़ और दलदल में तब्दील हो गई है, जिसके कारण आवाजाही करने वालें लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। वहीं बरसात का पानी सूखने के बाद वाहनों के आवागमन से धूल उड़ेगी, जिससे सड़क के किनारे



व आस-पास रहने वाले लोगों को धूल, एवं अन्य चीजों के कारण एलर्जी व श्वसन संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। लोगों का कहना है कि लगभग 50-60 ट्रैक्टर मिट्टी डालने के बाद भी राष्ट्रीय राजमार्ग के किसी भी विभागीय अधिकारी ने मौके का जायजा नही लिया कि संबंधित ठेकेदार द्वारा मुरूम डाली जा रही है या मिट्टी। कई जगह तो मिट्टी का ढेर बनाकर ही छोड़ दिया गया है। जिसमें रात्रि के समय अंधेरे में मार्ग में आने-जाने वाले वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना हुआ है।

#### आने-जाने में हो रही दिक्कत

व्यवसाई भोला गुप्ता का कहना है कि मुख्य मार्ग के सड़क किनारे मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है। जिससे आने-जाने में दिक्कतें हो रही है। मैंने स्वयं अपने व्यय पर अपने घर और दुकान के सामने की मिट्टी को समतल करवाया है।

#### मुरूम के जगह डाली मिट्टी

जगदीश सोनी का कहना है कि सड़क के किनारे मिट्टी की जगह मुरूम डालना था। लेकिन मिट्टी डालने के कारण बेमौसम हुई बरसात में मिट्टी कीचड़ में तब्दील हो गई है। वहीं सूखने के बाद वाहनों के आवागमन से धूल उड़ेगी, जिससे लोगों को काफी दिक्कतें होंगी।

#### मुरूम डालने कहा गया है

इस संबंध में राष्ट्रीय राजमार्ग उप संभाग गीदम के अनुविभागीय अधिकारी कमलेश कुमार दीवान से चर्चा करने पर उन्होंने कहा कि संबंधित ठेकेदार को मिट्टी हटाकर मुरूम डालने के लिए कहा गया है।

# सड़क टूटने के कगार पर, जिम्मेदार अपना रहे उदासीन रवैया

### जर्जर सड़क से बारिश में राहगीरों की बढ़ सकती है मुश्किलें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

विकासखंड दरभा अंतर्गत पाण्डेगुड़ा (मावलीपदर) और नेगानार के बीच 4 साल पूर्व बनी पीएमजीएसवाय सड़क आज जर्जर स्थिति में है। कई वर्षों के इंतजार के बाद बड़ी मुश्किल से यह सड़क बनी थी। लेकिन पिछले वर्ष की बारिश में आए बाढ़ के कारण सड़क टूटने की स्थिति में है।

जो बारिश में राहगीरों की मुश्किलें बढ़ा सकती है। वहीं इस सड़क को लेकर जिम्मेदार उदासीन रवैया अपना रहे है। पाण्डेगुड़ा के ग्रामीणों रामानन्द नाग, संजय श्रीवास्तव, शंकर कश्यप, उमेश श्रीवास्तव, धनीराम नाग, घासीराम नाग, दलसाय गौरेया, लक्ष्मीनाथ नाग तथा अन्य लोगों ने बताया कि इस साल फिर से बरसात पहुंचने वाला है।

पिछले साल की बाढ़ से सड़क कमजोर हो चुकी है,सड़क टूटने के कगार पर है। अधिकारी इस सड़क की ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। कई बार इस सड़क को लेकर ध्यान आकर्षित कराया जा चुका है। फिर भी सुधार कार्य अब तक नहीं किया गया है। पाण्डेगुड़ा और नेगानार के बीच खेत के पास सड़क के दोनों किनारों पर मुरूम गिट्टी और मिट्टी कट चुकी है। इस रास्ते से रात की बात तो छोड़िए दिन में भी चलते समय डर लगा रहता है। इस रास्ते में रात के समय आने-जाने वाले कई राहगीर इन गड्ढों में गिरकर दुर्घटना का शिकार होचुके है, और तो और कई दुपहिया, चार पहिया वाहन भी गड्ढे में जा चुके हैं। लगातार जान माल का खतरा बना हुआ है।

हाल ही में हुए बारिश से सड़क किनारे के शेष मुरूम, गिट्टी, मिट्टी भी लगातार कट रहा है। मिट्टी के खिसकने से सड़क के अगल बगल खेतों के किसानों को भी हर साल फसल के दब जाने से नुकसान उठाना पड़ता है। इस स्थिति में कभी भी पाण्डेगुड़ा और नेगानार का संपर्क टूट सकता है। जिससे राहगीरों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। कहीं-कहीं बीच सड़क में और कई किनारों पर नेगानार से मावलीपदर तक जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं,बनते जा रहे हैं। गड्ढों में पानी भर रहा है। गिट्टी उखड़ते जा रहा है। यदि समय रहते ध्यान देकर, उक्त कटे हुए जगह पर, सड़क के दोनों किनारों पर, सीमेंट कांक्रीट से मजबूती से पकड़ नहीं बनाया गया तो, सड़क तो कट ही जायेगा। साथ ही जान माल के नुकसान से भी इंकार नहीं किया जा सकता। वहीं लोगों को आवाजाही में भी अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ेगी।

#### शीघ्र होगा मरम्मत कार्य

इस विषय जब पीएमजीएसवाय के सब इंजीनियर अनिल सहारे से चर्चा की गई, तो उन्होंने कहा कि मुझे इसकी जानकारी नहीं थी, शीघ्र ही संज्ञान में लेकर सड़क मरम्मत कार्य करवाऊंगा।

# हाइवे में लगे सोलर स्ट्रीट लाइट बने शो-पीस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

दरभा विकासखंड अंतर्गत नेगानार ग्राम पंचायत के हाइवे में सोलर स्ट्रीट लाइट कई महीनों से बंद है। बार-बार विभाग को फोन के माध्यम से जानकारी दी जाती रही है, लेकिन विभाग समेत जिम्मेदारों का इस जनसमस्या की ओर कोई ध्यान नहीं है। स्ट्रीट लाइट के बंद होने से इस

■ जनसमस्या की ओर किसी भी जिम्मेदार का ध्यान नहीं

गांव में कई बार दुर्घटना घट गई है, और तो और कई लोग घायल भी हो चुके है। रात्रि कालीन सोलर स्ट्रीट लाइट के नहीं जलने से मुख्य मार्ग पर कई घरों में चोरों ने हाथ भी साफ कर दिया है।

हरिभूमि में कई बार खबर प्रकाशित होने पर भी क्रेडा विभाग की अधिकारी सविता कश्यप के द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सोलर स्ट्रीट लाइट नहीं जलने का कारण बैटरी है, जो इस भीषण गर्मी में भी चार्ज नहीं हो पा रहा है, सारे बैटरी खराब अवस्था में पड़े है। लेकिन आज पर्यन्त तक किसी प्रकार की सोलर स्ट्रीट लाइट को सुधारने का कार्य नहीं किया गया है। ज्ञात हो कि इस समस्या के संबंध में कई बार बस्तर कलेक्टर को भी अवगत करवाया गया है, किन्तु प्रशासनिक अधिकारी भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहें है। ग्रामीणों की मांग है कि इस भीषण गर्मी में रात्रि कालीन बस्ती के हाइवे में लगे सोलर स्ट्रीट लाइट बंद पड़े है। इन्हें जल्द से जल्द मरम्मत करवाई जाये, जिससे राहगीरों को राहत मिल सके।

#### मरम्मत के लिए राशि नहीं

इस विषय जब कनिष्ठ अभियंता सविता कश्यप से दूरभाष के माध्यम से सम्पर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि उनके पास किसी भी प्रकार की मरम्मत के लिए राशि नहीं है। जिसके चलते सोलर स्ट्रीट लाइट की मरम्मत नहीं की जा रही है।

# गीत, संगीत और कविता पाठ में याद किए गए गुरूदेव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शिल्पी सांस्कृतिक संस्था ने कवि गुरु रविंद्र नाथ ठाकुर की जयंती हर्ष उल्लास के साथ मनाया।

कार्यक्रम की विशेषता यह था कि कवि के शांति निकेतन में जिस प्रकार प्रकृति के बीच में गीत, नृत्य, कविता पाठ कराया जाता है शिल्पी ने बिल्कुल उसी ढंग से प्रातः 6.30 बजे से 8.30 बजे तक भाभा आईटीआई के एक छोटे से बगीचे में प्रकृति के बीच बैठ चिड़ियों की आवाज, फूलों की सुगंध और पेड़ों की छांव का आनंद लेते हुए कार्यक्रम को देखा और सुना। शुरुआत रविंद्र नाथ ठाकुर के चित्र में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलन सुबीर नंदी, सुधीर मंडल, हरि माधव दास, भवतोष विश्वास, संजीव, दिशांत चक्रवर्ती एवं नीलिमा विश्वास ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत महिला सदस्यों द्वारा समूह गीत रानी चेरपा, इंद्राणी नंदी, शेफाली सरकार, प्रतिमा राय चौधरी, गीता विश्वास, श्वेता विश्वास ने प्रस्तुत किया। कुमारी कनिष्का चक्रवर्ती ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया तत्पश्चात कविता पाठ हरि माधव दास, सुधीर मंडल, इंद्राणी नंदी एवं शेफाली सरकार ने किया।

एकल गीत की प्रस्तुति दिशांत चक्रवर्ती, गीता विश्वास, प्रतिमा राय चौधरी, श्वेता विश्वास द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मैत्री संघ के सदस्य देवव्रत एवं नेशनल रेफरी रूपक मुखर्जी उपस्थित थे। दर्शक दीर्घा में बंगाली समाज के महिलाएं एवं पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित थे। संचालन सुबीर नंदी एवं दिशांत चक्रवर्ती ने किया। शांतनु नाग, जय गोपाल सरकार ने व्यवस्था में योगदान दिया।

# बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग वरुण नागेश के मार्गदर्शन में यूनिसेफ के सहयोग से जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की संभावनाओं को देखते हुए, किशोर सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए बाल विवाह रोकथाम पखवाड़ा का आयोजन किया गया। यह पखवाड़ा 25 अप्रैल से 10 मई तक चलेगा। जिसके तहत यूनिसेफ के युवोदय वालंटियर्स द्वारा पहले पढ़ाई फिर विदाई नारों के साथ जिले के सभी पंचायतों एवं शहरी क्षेत्रों के सामाजिक समारोह, शासकीय कार्यक्रमों, हाट-बाजारों तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों में बैनर पोस्टर



लगाकर रैली, नुक्कड़-नाटक, माईकिंग, दीवारों पर नारा लेखन, रंगोली एवं सुपोषण चौपाल के माध्यम से लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

इस अभियान के माध्यम से लोगों को बताया जा रहा है कि, बाल-विवाह केवल एक सामाजिक बुराई नहीं अपितु कानूनन अपराध भी है। बाल-विवाह से बच्चों का सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास प्रभावित होता है। ज्ञात हो कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह करने वाले वर एवं वधु के माता-पिता, सगे संबंधी, बाराती यहां तक विवाह करने वाले पुरोहित, पंडितों पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। बाल विवाह के कारण बच्चों में कुपोषण, शिशु मृत्यु-दर एवं माता-मृत्यु दर के साथ घरेलू हिंसा में भी वृद्धि होती है।

इस अभियान अंतर्गत यूनिसेफ के जिला समन्वयक विनोद साहू ने बताया कि, बाल-विवाह बच्चों के अधिकारों का अतिक्रमण करता है। बाल विवाह के कारण हिंसा, शोषण और यौन शोषण का खतरा बढ़ जाता है। उम्र से पहले शादी होने पर बच्चा-शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा से वंचित तो होता ही है। साथ ही नाबालिग होते हुए उनके गर्भवती होने और बच्चे को जन्म देने की स्थिति आ जाती है। इसका मां और शिशु के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। कुल मिलाकर बाल विवाह बच्चे का बचपन समय से पूर्व खत्म कर देता है।

इस संबंध में आगामी 10 मई को अक्षय तृतीया पर बाल विवाह की संभावनाओं को देखते हुए, जिला प्रशासन पूरी तरह सजग है और बाल विवाह करने व करवाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# दैनिक सब्जी बाजार को मिला व्यवस्थित स्वरूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

मुख्यालय के आंवराभाटा रेलवे ट्रैक के समीप टेकनार चौक में लगने वाले दैनिक सब्जी बाजार के विस्थापन होने से निश्चित ही आम नागरिकों को ट्रैफिक एवं भीड़-भाड़ की समस्या से निजात मिली है, वरना यह चौक रोजाना स्थानीय शाक सब्जी विक्रेता और क्रेताओं से गुलजार रहता था।

■ सब्जी विक्रेताओं के साथ अब ग्राहक भी है खुश

विशेष तौर पर हर शाम को खरीदारी करने में जुटे जन संकुल से यहां ट्रैफिक व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो जाती थी, यत्र-तत्र रखे दो पहिया वाहन, गीदम मार्ग से आती एवं मुख्यालय से रवाना होती बसों, ट्रकों, कारों, उनके तेज हॉर्न की ध्वनि, सड़क के दोनों ओर बैठे स्थानीय सब्जी विक्रेता और खरीदारी कर रहे लोग यहां का आम परिदृश्य था। और यह दृश्य कहीं ना कहीं किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना



को आमंत्रित करने के लिए पर्याप्त था। जिसके चलते इस दैनिक सब्जी बाजार को अन्यत्र व्यवस्थापन की मांग उठाई जा रही थी, इसे गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा रेलवे क्रॉसिंग के समीप जगह को बाजार स्थल के रूप में चयन किया गया और नगर पालिका द्वारा यहां शैड निर्माण, पेयजल की व्यवस्था भी की गई। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि इस दैनिक सब्जी मार्केट में आस पास के विभिन्न ग्रामों से आई विक्रेता महिलाओं के बैठने के लिए शेड बनाया गया है। यह सुबह 10 बजे से रात के 9 बजे तक खुली रहेगी। इस संबंध में सब्जी बेच रही ग्रामीण महिला का कहना था कि बाजार स्थल यहां लगाये जाने पर पानी, लाईट, टंकी आदि की अच्छी सुविधा उपलब्ध है। साथ ही शैड भी बनाएं गये है, ताकि गर्मियों और बारिश के दिनों में हमें दिक्कतों का सामना न करना पड़े। कुल मिलाकर प्रशासन ने हमारी परेशानियों को दूर किया है।

ज्ञात हो कि जिले में अलग-अलग गांव पर साप्ताहिक बाजार लगा करते हैं, जबकि मुख्यालय के कतियाररास में बुधवार को बड़ा साप्ताहिक बाजार लगा करता है। ऐसे में आंवराभाटा में उक्त दैनिक बाजार स्थल बनाए जाने से आम नागरिकों सहित विक्रेताओं को भी सहूलियत हो रही है।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक |
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### हितामेटा को मिली नई एम्बुलेंस



**जगदलपुर।** बस्तर में स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार करते हुए लोहंडीगुड़ा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले हितामेटा को 108 संजीवनी एक्सप्रेस की एम्बुलेंस दी गई है। कलेक्टर की पहल से अब उक्त एम्बुलेंस पीएचसी हितामेटा में खड़ी होगी। नई एम्बुलेंस मिलने से क्षेत्र वासियों को अब पहले की तुलना में त्वरित आपातकालीन सेवाएं मिलेंगी। 108 एम्बुलेंस के आ जाने से क्षेत्रवासियों में भी हर्ष का माहौल है। 108 संजीवनी एक्सप्रेस के जोनल मैनेजर हेमराज सिंह ने बताया कि लंबे समय से क्षेत्र के रहवासी एम्बुलेंस की मांग कर रहे थे, जिस पर कलेक्टर ने लोगों की मांग पूरी की। उनके साथ ही डीएचएस और सीएमएचओ डॉ. आरके चतुर्वेदी की भूमिका भी अत्यंत सराहनीय रही।

### महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई



**जगदलपुर।** वीर महाराणा प्रताप की जयंती गुरुवार को महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थल पर मनाई गई। समाज के लोगों ने मूर्ति पर दीप प्रज्वलित कर पूजन एवं माल्यार्पण किया। उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके पराक्रम व अंतिम सांस तक मातृभूमि की सेवा में अपने जीवन को समर्पित करने को याद किया गया। इस अवसर पर समाज के प्रमुख पदाधिकारी तथा सदस्य उपस्थित थे।

### कार्यशाला 13 को

**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा जिले के युवाओं को केंद्रीय पेट्रो रसायन अभियांत्रिकी संस्थान भनपुरी, रायपुर में प्रवेश परीक्षा 2024 हेतु जिला कार्यालय भवन सभा कक्ष में 13 मई को सुबह 11 बजे ओरिएंटेशन कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। जिसमें जिले के 10वीं, 12वीं, आईटीआई उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं शामिल हो सकते है।

# तेंदूपत्ता संग्राहकों की मजदूरी का हो नगद भुगतान : समाज

## सर्व आदिवासी समाज ने सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

तेंदूपत्ता संग्राहकों की मजदूरी के नगद भुगतान को लेकर बुधवार को सर्व आदिवासी समाज ने सीएम विष्णुदेव साय के नाम जिले के कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी ने बताया कि बीजापुर आदिवासी बाहुल्य और अति दुर्गम तथा पिछड़ा इलाका है। जिले में 39 बैंक शाखाएं हैं, किंतु ये भी मुख्य कस्बों में संचालित हैं। 54 से ज्यादा ग्राम पंचायतों में एयरटेल पेमेंट बैंक और बीसी सखी के होने के बाद भी ग्रामीणों को जरूरत के लिए नगद राशि नही मिल पाती है।

तेंदूपत्ता यहां के आदिवासी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, जो पूरे साल के जीवनचर्या में मददगार साबित होता है।



बैंकों की दूरी और बैंकों तक जमा राशि के निकासी के लिए लोगों को एक से दो दिनों की यात्रा और बैंकों की लंबी लाइन उन्हें जीवनयापन के दूसरे कार्यों से दूर करता है, और बिना कारण समय नष्ट करता है। सर्व आदिवासी समाज मांग करता है कि बीजापुर जिले के तेंदूपत्ता संग्राहकों को पंचायत प्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों की मौजूदगी में नगद भुगतान कराएं।

जग्गुराम तेलामी ने बताया कि कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने समाज प्रमुखों को आश्वस्त किया है कि उनकी मांग को सरकार को भेजा जाएगा तथा यहां की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लोक हित में निर्णय लिया जाए। इस दौरान जिला सचिव कमलेश पैंकरा, श्रवण सैंड्रा, बुधराम कोरसा, सन्नु हेमला सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## पीएम मोदी के कार्ययोजनाओं की मतदाताओं की दी जानकारी

# ओडिशा के दाबूगांव में विधायक गोयल के नेतृत्व में निकली विशाल रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

ओडिशा में होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव की कमान संभाले चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने गुरूवार को

- विधानसभा प्रत्याशी सोमनाथ पुजारी व लोकसभा प्रत्याशी बलभद्र मांझी को वोट देने की अपील

दाबुगांव में भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगा। इस दौरान बाजार स्थल से रैली निकाली गई जो दाबुगांव के हर गलियों से होते हुए निकली। इस दौरान मतदाताओं को प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं की जानकारी देते हुए भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में वोट देने की अपील की गई।



छग में चुनाव समाप्त होने के बाद अब ओडिशा में संगठन के दिशा निर्देश पर चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ढाबुगांव में कमान चुनाव की सम्भाले हुए हैं। इसी के तहत ढाबुगांव से विधानसभा भाजपा प्रत्याशी सोमनाथ पुजारी एवं लोकसभा प्रत्याशी बलभद्र मांझी जी के पक्ष में जमकर पसीना बहाते हुए प्रचार प्रसार करने के लिए पुरी ताकत लगा दी। विधायक गोयल द्वारा गांव गांव में बैठकें लेकर केन्द्र सरकार की हर एक योजनाओं को लोगों तक पहुंचा रहे है तथा मतदाताओं को केन्द्र सरकार की उपलब्धीयों को बता रहे हैं। चित्रकोट विधायक गोयल ने बताया कि ओडिशा के लगभग सभी गावों व शहरी क्षेत्रों में छग भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा प्रचार प्रसार किया जा रहा है। दाबुगांव में भी भाजपा प्रत्याशी सोमनाथ पुजारी व बलभद्र मांझी जी के पक्ष में बहुत अच्छा माहौल बनने लगा है। प्रचार प्रसार के दौरान बस्तर के पूर्व सांसद दिनेश कश्यप के अलावा तोकापाल मण्डल से मण्डल अध्यक्ष सोमारू कश्यप, महामंत्री परदेशी कश्यप, रितेश दास जोशी, बाबुल नाग व मंगतू कश्यप समेत दर्जनों भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में वोट देने जमकर प्रचार प्रसार कर रहे है।

# सुकमा की एनएच को बारिश से पहले करें पूरा : ईएनसी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

लोक निर्माण विभाग रायपुर के प्रमुख अभियंता कमलेश पिपरी ने अपने दो दिवसीय बस्तर प्रवास पर बुधवार

- ठेकेदार को तय समय तक निर्माण कार्य पूरा करने दिए निर्देश

को अधिकारियों की बैठक ली, इसमें विभाग के एलडब्ल्यूई के कार्यों की समीक्षा ली। उसके बाद ईएनसी ने गुरूवार को सड़कों का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने सुकमा रोड के राष्ट्रीय राजमार्ग का अवलोकन देखा और कहा कि इस सड़क का मरम्मत कार्य बारिश से पूर्व पूरा करें। साथ ही इस दौरान ठेकेदारों को निर्देश दिया कि वे निर्माण कार्य तय समय में पूरा करें, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। प्रत्येक कार्यों को पूर्ण करने हेतु समय सीमा तय की गई, कार्यों की गुणवत्ता के संबंध में आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान ईएनसी के साथ जगदलपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता जीआर रावटे, अधीक्षण अभियंता डीएल टेकाम, ब्रिज के सीई एमएल उरांव, कार्यपालन अभियंता, एसडीओ, उपयंत्री आदि शामिल रहे।

# अक्षरा व दीपक ने बढ़ाया जिले का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आज 10वीं और 12वीं का रिजल्ट घोषित कर दिया गया है।

बीजापुर जिले में कक्षा दसवीं में सर्वोच्च अंक 92.17 प्रतिशत

- टॉपर्स विद्यार्थियों को कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं

प्राप्त कर प्रथम स्थान पर उसूर निवासी छात्र दीपक पहले स्थान पर रहे है। वहीं कक्षा 12वीं की छात्रा अक्षरा चौहान ने 82.80 प्रतिशत प्राप्त कर जिले का मान



बढ़ाया है। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने जिले के सभी टॉपर्स विद्यार्थियों सहित उत्तीर्ण हुए सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं असफल हुए विद्यार्थियों को निराश न होकर पुनः मेहनत और लगन से तैयारी कर बेहतर परिणाम लाने के लिए प्रोत्साहित किया है।

# जन कल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर करें क्रियान्वित : सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दरभा

दरभा जनपद पंचायत के सभागार में गुरुवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी केएल. फाफा ने समस्त

- जनपद सभागार में विभिन्न योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक

ग्राम पंचायत सचिवों की बैठक आहूत की। जिसमें विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास, वन अधिकार पट्टा, अधूरे निर्माण कार्य, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र,



श्रद्धांजलि योजना, डीएमएफटी, आश्रम छात्रावास से संबंधित विकास खंड अंतर्गत सभी विकास कार्यों एवं जन हितैषी योजनाओं का जायजा लेते हुए समीक्षा बैठक ली गई। जनपद सीईओ फाफा ने ग्राम पंचायत सचिवों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जन कल्याणकारी सभी योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन करते हुए प्रत्येक आवश्यकता वाले व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाए एवं अधूरे निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास बनाने की गति को बढ़ाने एवं कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री आवास के लाभान्वित हितग्राहियों से सम्पर्क बनाते हुए गुणवत्ता पूर्ण कार्य किये जाने हेतु उचित मार्गदर्शन एवं कार्यवाही करने निर्देशित किया। इस बैठक में विकास खंड के समस्त ग्राम सचिव एवं जनपद कार्यालय के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# नई शिक्षा नीति कहती है कि अब मानसिक दायरे से बाहर आना होगा : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के रोजगार एवं कैरियर मार्गदर्शन केंद्र की ओर से राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी नेट) और राज्य पात्रता परीक्षा(सीजी सेट) की निशुल्क कोचिंग की शुरुआत विश्वविद्यालय परिसर

- बस्तर के युवाओं में जोश और जुनून की कमी नहीं, लक्ष्य तय कर आगे बढ़ें तो सफलता जरूर मिलेगी
- 16 जून को 83 विषयों के छात्रों के लिए यह परीक्षा होगी

में की गई। बुधवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य और कुलसचिव डॉ. अभिषेक कुमार बाजपेयी की अध्यक्षता में कोचिंग का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर कोचिंग से जुड़े संभागभर के छात्रों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि बस्तर के युवाओं में जोश और जुनून की कमी नहीं है। बस जरूरत उसे जागृत करने की है। लक्ष्य





तय कर आगे बढ़ें सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति कहती है कि अब मानसिक दायरे से बाहर आना होगा। कठिन और जटिल समस्याओं का हल ढूंढना होगा। विश्वविद्यालय को मेरु विश्वविद्यालय का दर्जा मिल चुका है। इसके तहत हमें 100 करोड़ रुपए का ग्रांट मिला है। अब हमारा काम सिर्फ आपको मास्टर डिग्री देना नहीं बल्कि आपकी कठिनाई को दूर करना भी है। विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र अलग-अलग क्षेत्र में सफल हों यह हमारा प्रयास होगा। इस कोचिंग के माध्यम से जगदलपुर के एक्सपर्ट आपकी मदद करेंगे। 16 जून को 83 विषयों के छात्रों के लिए यह परीक्षा होगी। कुलपति प्रोफेसर श्रीवास्तव ने नेट के महत्व और इसके स्तर के बारे में बताते हुए कहा कि वर्ष 2023 में 9 लाख 95 हजार छात्र इस परीक्षा में शामिल हुए थे। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्पर्धा कितनी चुनौतीपूर्ण है। यह सामान्य परीक्षा नहीं है। जबरदस्त प्रतिस्पर्धा है। पहला और दूसरा दोनों पेपर महत्वपूर्ण हैं। इसलिए एक्सपर्ट के मार्गदर्शन में सुनियोजित तरीके से तैयारी करें। तैयारी में इमानदारी जरूरी है। लगातार कक्षा में आएं और जैसा एक्सपर्ट बताएं उसके अनुसार तैयारी करते रहें। कुलपति प्रोफेसर श्रीवास्तव ने कहा कि मैं उम्मीद करता हूं यहां तैयारी करने वाले छात्र जरूर सफल होंगे। उन्होंने आगे माउंटेन मेन दशरथ मांझी का उदाहरण देते हुए कहा कि एक व्यक्ति जब 22 साल तक पहाड़ खोदकर रास्ता तैयार कर सकता है तो आप अपनी जिद और लगन से अपना लक्ष्य जरूर प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में प्रोफेसर डॉ. शरद नेमा, प्रोफेसर डॉ. स्वपन कुमार कोले, डॉ. विनोद कुमार सोनी, डॉ. सजीवन कुमार, डॉ. सुकृता तिर्की, डॉ. संजय डोंगरे, डॉ. शोएब अंसारी, डॉ.सीपी यादव, डॉ. मेखला चटोपाध्याय समेत विश्वविद्यालय के अलग-अलग विभागों के प्राध्यापक, अधिकारीगण मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. भुवनेश्वर लाल साहू ने किया।

### कोचिंग में एक्सपर्ट शिक्षक करेंगे मार्गदर्शन

इसी क्रम में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलसचिव डॉ. अभिषेक बाजपेयी ने कहा कि इससे पहले हमने लैब टेक्निशियन की भर्ती के दौरान युवाओं की तैयारी करवाई थी। इस बार फिर हमने नेट और सेट की कोचिंग के रूप में पहल की है। इस कोचिंग में आपका एक्सपर्ट शिक्षक मार्गदर्शन करेंगे। आपकी सफलता आपका भविष्य तय करेगी। आप यह सोच लें कि आपके पास दिसंबर तक का वक्त है। लगातार मेहनत करते रहेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। आप पूरी इमानदारी से मेहनत करेंगे तो हम गारंटी देते हैं कि हम आपकी लगातार मदद करते रहेंगे। जरूरत पड़ी तो एक्सपर्ट बाहर से भी बुलाएंगे। आपकी प्रतिस्पर्धा देशभर के अभ्यर्थियों से है और यह दिमाग में रखकर तैयारी करें। आपके बैच की सफलता आगे भी हमें इसी तरह के प्रयास करने के लिए प्रेरित करेगी।

# ऑल इंडिया सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में जिले के दो खिलाड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा आयोजित होने वाली ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में बीजापुर जिले के दो सॉफ्टबॉल खिलाड़ियों का चयन शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर की टीम से हुआ है। उक्त प्रतियोगिता कर्नाटक के बेंगलुरु में 13 से 18 मई तक आयोजित होगी। जिसमें बीजापुर जिले के शासकीय वेंकटराव कॉलेज के दो खिलाड़ी राकेश पुनेम फाइनल ईयर, वहीं कुलदीप वाचाम फर्स्ट ईयर बस्तर यूनिवर्सिटी की टीम से खेलेंगे। ज्ञात हो कि पहली बार बस्तर यूनिवर्सिटी की सॉफ्टबॉल टीम यूनिवर्सिटी गेम्स में खेलने जाएंगे। वहीं दोनों खिलाड़ियों को जिला कलेक्टर अनुराग पांडेय और जिला पंचायत सीईओ हेमंत रमेश नंदनवार प्रभारी खेल अधिकारी कॉलेज के प्राचार्य खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक बधाइयां दी है। वहीं खिलाड़ियों के साथ जिले के श्रम निरीक्षक एवं बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी के अंतर्राष्ट्रीय कोच सोपान कणेर्वार भी मौजूद थे, जिन्होनें उक्त जानकारी दी है।

# 3 दिन के शतरंज स्पर्धा में राज्य के खिलाड़ी दिखाएंगे जौहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

जिला शतरंज संघ से मिली जानकारी के अनुसार 28, 29 और 30 जून को संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 7 मई को बैठक में छग प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी मार्गदर्शन देने आए थे। उन्होंने कहा कि बस्तर में शतरंज को आगे बढ़ाने और यहां के बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलना चाहिए यहां प्रतिभाएं हैं पर उन्हें मौका नहीं मिल पाता। अवसर के अभाव में प्रतिभाएं कुंठित होती हैं, उनमें निराशा आने लगती है। हम सबको मिलकर बस्तर की प्रतिभाओं को तराशने का काम करना है। इसके लिए उन्होंने आन लाईन शतरंज प्रशिक्षण को प्रोत्साहित करने की बात कही। श्रेष्ठ दस बच्चों को आन लाईन प्रशिक्षण के लिए चयन कर नाम भेजने निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि प्रशासन भी बस्तर और सरगुजा संभाग के लिए विशेष मदद करने सदैव तत्पर है और इसलिए जगदलपुर में एक संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में प्रशासन का सहयोग प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले प्रतिभागियों को आने जाने, ठहरने और भोजन की व्यवस्था निशुल्क रहेगी। जगदलपुर से अयाज चामड़यिा, राजेश जेना और रविंद्र कुलगुरु के आर्बिटर परीक्षा उत्तीर्ण होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते कहा कि आर्बिटर का सहयोग महत्वपूर्ण होता है क्योंकि इनके ऊपर प्रतियोगिता को सफलता पूर्वक सम्पन्न करने की महती जिम्मेदारी रहती है। उन्होंने बताया प्रदेश शतरंज संघ भी प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए नेशनल आर्बिटर की व्यवस्था करेगा और उन्हीं की निगरानी और मार्गदर्शन में संपूर्ण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। बैठक में दुर्ग से नेशनल आर्बिटर राकी देवांगन ने प्रतियोगिता की संपूर्ण रूपरेखा सदस्यों को समझाई। उन्होंने फीस के बारे में बताया कि अंडर 19 तक के बालक-बालिकाओं के लिए शुल्क मात्र 50 रूपए और ओपन केटेगरी में सबके लिए 300 रूपये रखी गई है फीस सिर्फ आन लाइन ही स्वीकार की जाएगी। यदि किसी गांव में बच्चों के पास आन लाईन सुविधा नहीं उपलब्ध है तभी आफ लाईन फार्म लिए जा सकते हैं। बैठक में जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष शशांक श्रीधर, सचिव हितेश तिवारी, उपाध्यक्ष राजेश जेना, पूर्णिमा सरोज, कोषाध्यक्ष अभिनव जेना, सह सचिव बीएस धुरव, रीता माने, तरुण सारथी, लोकेश पांडे, अविनाश माने समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### प्रतियोगिता 9 राउंड की होगी

अंडर 19 आयु वर्ग के बस्तर संभाग के बच्चों के लिए यह अपनी प्रतिभा सामने लाने का सुनहरा अवसर होगा। इसमें हर आयु वर्ग के पुरुष और महिलाएं भाग ले सकती हैं। आयु वर्ग में अंडर 7, अंडर 9, अंडर 11, अंडर 13, अंडर 15 तक की बालिका विजेताओं को विशेष पुरस्कार तथा अंडर 19 आयु श्रेणी के प्रथम पांच बालक और पांच बालिकाओं को नकद पुरस्कार और ट्राफी प्रदान की जाएगी। ओपन में 60 वर्ष आयु की श्रेणी में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी को पुरस्कृत किया जाएगा। ओपन में ही श्रेष्ठ महिला खिलाड़ी तथा दिव्यांग श्रेणी के प्रतिभाशाली प्रतिभागी को भी सम्मानित किया जाएगा।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024, 05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411